आयोजन एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग में दो दिवसीय पिनाकल-2019 का समापन

कोरियोग्राफी में स्माइली पहले स्थान पर रही

जागरण संवाददाता, जालंधर : एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग में चल रहे दो दिवसीय पिनाकल-2019 का समापन शनिवार को हुआ। समारोह के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न इवेंट में हिस्सा लिया।

इवेंट में विजेता विद्यार्थियों को एडीसी निगम खचिड़ कलेर व कैंपस के डायरेक्टर डॉ. राजेश बग्गा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दूसरे दिन करवाई गए इवेंट में ऑन द स्पॉट पेंटिंग में चमन ने पहला, कनव ने दूसरा और ज्योतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोरियोग्राफी में स्माइली ने पहला, उर्वशी ने दूसरा व अजय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वेस्टर्न वोकल में जसप्रीत ने पहला, पुलकित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मोनो एक्टिंग में अंकित ने पहला स्थान प्राप्त किया।

वेबसाइट डिजाइनिंग में मनदीप व प्रिंस ने पहला, रश्मी व महक ने दूसरा और चरणजीत व संजना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रोग्रामिंग स्किल में मनदीप सिंह ने पहला, पंकलप्रीत सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

नेट सेवी में महक व रश्मी ने पहला, संजना व चरणजीत सिंह ने दूसरा और मनदीप व नीरज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

एपीजे इंस्टीट्यूट में आयोजित फिनाकल-2019 में भंगड़ा की प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी • जागरण

Dainik Jagran 16 November 2019